Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of national highwayss in Himachal Pradesh.

श्री लल्लू सिंह (फैजाबाद): अध्यक्ष जी, पूर्वी उत्तर प्रदेश आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक रूप से पिछड़ा है । यहां की ग्रामीण अर्थव्यवस्था बहुत ही कमजोर है । नदी, तालाबों की उपलब्धता और मृदा उर्वरता के कारण कृषि आधारित विकास की यहां अपार संभावनाएं हैं । अयोध्या जनपद में नरेन्द्र देव कृषि प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय है । जब नरेन्द्र देव कृषि प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बना था, उसके बाद तमाम शोध हुए थे और कृषि के क्षेत्र में धान, गेहूं और फल के क्षेत्र में नए-नए उत्पाद वहां शोध के माध्यम से हुए थे, जिसके कारण पूरी दुनिया में संस्थान का सम्मान बढ़ा था । लेकिन पिछले दो दशक से उस विश्वविद्यालय की हालत बहुत खराब है । पूर्वी उत्तर प्रदेश, जो कृषि पर ही आधारित है, जहां पूरे देश में दुग्ध उत्पादन उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा है, लेकिन प्रति ईकाई सबसे कम है, अगर नरेन्द्र देव कृषि प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय को केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी जाए, तो अच्छा होगा । माननीय प्रधान मंत्री जी की जो इच्छा है कि हम वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करेंगे, यह पूर्वी उत्तर प्रदेश के जो 26 जनपद हैं, यह विश्वविद्यालय उनकी आय दोगुनी करने में सक्षम होगा ।